# कुष्ठ रोग का उपचार संभव है

# आशा के लिए फ्लिपबुक

## इस फ्लिपबुक का उपयोग कैसे करें-



फ्लिपबुक में दिए गए रंगीन चित्र दर्शकों के लिए है और इसमें दिया गया वर्णन आशा के लिए है।

1. दर्शकों के प्रति आशा अपना आभार व्यक्त करें।
2. आशा अपना परिचय दर्शकों को दें और उनके साथ बातचीत करें।
3. आशा दर्शकों को चित्र दिखाएं और पूछें कि चित्र देखकर क्या समझ आ रहा है।
4. आशा चित्रों से संबंधित संदेश पढ़कर बताएं।
5. यदि दर्शकों में से कोई प्रश्न पूछता है, तो आशा उनकी बात सुनें, समझें और फिर जवाब दें।
6. यदि आशा को प्रश्नों के उत्तर की जानकारी न हो, तो वह दर्शकों को बताएं कि वह अपने सुपरवाइज़र से सलाह लेने के बाद उत्तर देंगी।
7. आशा दर्शकों को बताएं कि आज वह दो कहानियों द्वारा कुष्ठ रोग से संबंधित जानकारी देंगी।

### आशा दर्शकों को कहानियों के किरदारों से परिचित कराएं :



**मोहिनी**

मोहिनी गांव की औरतों के कपड़े सिलती है। वह अपने पति, दो बच्चों तथा ससुराल वालों के साथ गांव में रहती है। गांव के लोग, मोहिनी को उसके काम के लिए बहुत पसंद करते हैं।



**आशा**

वह गांव की एक समर्पित आशा है, जो अपने पति, बेटी और सास के साथ रहती है। मोहिनी आशा की बहुत अच्छी सहेली है, और वह दोनों एक-दूसरे से सुख-दुःख बांटते हैं।



**सितारा**

सितारा गांव में अपने माता-पिता के साथ रहती है। वह गांव के छोटे बच्चों को पढ़ाती है और साथ ही खेती-बाड़ी में अपने माता-पिता का हाथ बटाती है।

# कुष्ठ रोग मुक्त मोहिनी और अनुपचारित सितारा की कहानी

## कहानी 1: कुष्ठ रोग मुक्त मोहिनी की कहानी





### मोहिनी

मोहिनी गांव की औरतों के कपड़े सिलती है। वह अपने पति, दो बच्चों तथा ससुराल वालों के साथ गांव में रहती है। गांव के लोग, मोहिनी को उसके काम के लिए बहुत पसंद करते हैं।

### आशा

वह गांव की एक समर्पित आशा है, जो अपने पति, बेटी और सास के साथ रहती है। मोहिनी आशा की बहुत अच्छी सहेली है, और वह दोनों एक-दूसरे से सुख-दु:ख बांटते हैं।

## कहानी 2: अनुपचारित सितारा की कहानी



### सितारा

सितारा गांव में अपने माता-पिता के साथ रहती है। वह गांव के छोटे बच्चों को पढ़ाती है और साथ ही खेती-बाड़ी में अपने माता-पिता का हाथ बटाती है।

# कहानी 1:
# कुष्ठ रोग मुक्त मोहिनी की कहानी




एक दिन, आशा बाज़ार से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की ओर जा रही थी तब उसने मोहिनी को भीड़ में खड़े होकर सब्ज़ियां खरीदते देखा।

आशा तेज़ी से मोहिनी के पास गई और पीछे से उसकी कोहनी पर चुटकी काटी। उसने सोचा मोहिनी पीछे मुड़ेगी परंतु ऐसा नहीं हुआ। आशा ने एक बार फिर से मोहिनी की कोहनी पर चुटकी काटी। इस बार मोहिनी ने पलट कर आशा को देखा और मुस्कुराया।

वे दोनों उस भीड़ से थोड़ा बाहर निकले। आशा ने मोहिनी से पूछा, ''मैंने तुम्हें ज्यादा ज़ोर से चुटकी तो नहीं काटी?'' मोहिनी ने जवाब दिया, ''नहीं, आशा मुझे तुम्हारी चुटकी हल्की सी महसूस हुई क्योंकि मेरी कोहनी पर कुछ समय से यह दाग है, जो सुन्न है।''

आशा ने चिंतित होकर मोहिनी से पूछा, ''यह दाग कितने दिनों से है?'' मोहिनी ने उसे बताया कि यह दाग कुछ महीने से है, लेकिन इसमें किसी भी प्रकार का स्पर्श महसूस नहीं होता। आशा ने कहा ''मोहिनी, त्वचा पर सुन्न दाग कुष्ठ रोग का लक्षण हो सकता है। शरीर पर किसी भी प्रकार के दाग की जांच होनी आवश्यक है। जितनी जल्दी हो सके तुम्हें डॉक्टर को दिखाना चाहिए।''

# कहानी 1:
# कुष्ठ रोग मुक्त मोहिनी की कहानी



मोहिनी अपने सुन्न दाग के बारे में गांव की आशा को बता रही है।

# कुष्ठ रोग के विभिन्न लक्षण














## आशा आगे कहती है, कुष्ठ रोग के कई लक्षण होते हैं :

1 सामान्य त्वचा की तुलना में हल्के रंग के, लाल अथवा तांबे के रंग के दाग, जिनको छूने पर कुछ महसूस नहीं होता।

2 एक से अधिक दाग का होना।

3 लाल रंग के उभरे हुए दाग।

4 त्वचा में गांठे महसूस होना।

5 कान का मोटा अथवा कान पर गांठे होना।

6 लैगोफथल्मोस–आंख बंद करने पर पलक बंद नहीं होना, और भौहों के बाल झड़ जाना।

# कुष्ठ रोग के विभिन्न लक्षण

**हल्के रंग का दाग**



**एक से अधिक दाग**



**लाल रंग के उभरे हुए दाग**



**त्वचा में गांठे**



**कान का मोटा होना**





**लैगोफथल्मोस**



# कुष्ठ रोग के विभिन्न लक्षण

7

8

9


10

11

12


7 पैर, हाथ और शरीर के अन्य हिस्सों पर दर्द रहित अल्सर/छाले/घाव।

8 उंगलियों में कमज़ोरी अथवा टेढ़ापन और हथेली में सुन्नता, सूखापन।

9 हाथ की मांसपेशियों में कमज़ोरी, हाथ की कलाई का झूल जाना।

10 पैर के तल्वे में सुन्नपन, मांसपेशियों में कमज़ोरी अथवा पंजे का झूल जाना।

11 कोहनी, घुटने या गर्दन के पास तंत्रिकाओं में मोटापन, दर्द अथवा झंझनाहट।

12 नाक की हड्डी के गलने से नाक का दब जाना।

**जब भी किसी में ये लक्षण मिले तो तुरंत आशा को बताएं और निकटतम स्वास्थ्य केंद्र अथवा सरकारी अस्पताल में जांच करवाएं।**

# कुष्ठ रोग के विभिन्न लक्षण

**दर्द रहित अल्सर**



**उंगलियों में कमज़ोरी अथवा टेढ़ापन**



**कलाई का झूल जाना**



**पैरों के तल्वे में सुन्नपन**



**गर्दन के पास तंत्रिका में मोटापन**



**नाक का दब जाना**



# डॉक्टर द्वारा मोहिनी की जांच



आशा कुष्ठ रोग की जांच करवाने के लिए मोहिनी को गांव के निकटतम प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाती है। दोनों डॉक्टर से मिलते हैं और उन्हें दाग के बारे में बताते हैं। डॉक्टर मोहिनी की जांच करते हैं और मोहिनी को बताते हैं कि कुष्ठ रोग की पहचान करने का तरीका बहुत सरल है।

## कुष्ठ की पहचान त्वचा में सुन्नता की पुष्टी द्वारा की जा सकती हैः

1 दाग को बॉल–पॉइंट पेन की नोक से छूते हैं।

2 यदि बॉल–पॉइंट पेन का स्पर्श महसूस नहीं होता तो, यह कुष्ठ रोग का लक्षण है। रोगी को आंखें बंद करने और जहां स्पर्श महसूस हो वहां पर उंगली रखने के लिए कहा जाता है।

डॉक्टर ने मोहिनी को बताया कि उसको कुष्ठ रोग है। कुष्ठ रोग का उपचार संभव है और इसे एमडीटी दवा (मल्टी ड्रग थेरेपी) के साथ ठीक किया जा सकता है।

- एमडीटी दवाईयां सभी सरकारी अस्पतालों, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में निःशुल्क उपलब्ध हैं।
- उपचार की अवधि 6 या 12 महीने होती है।
- एमडीटी दवाईयों का नियमित और पूर्ण सेवन आवश्यक है।

मोहिनी 6 महीने तक नियमित एमडीटी दवा का सेवन करती है और कुष्ठ मुक्त हो जाती है।

# डॉक्टर द्वारा मोहिनी की जांच



# कहानी 2:
# अनुपचारित सितारा की कहानी




उसी गांव में एक लड़की रहती थी, जिसका नाम सितारा था। सितारा गांव की एक शादी में जाने के लिए तैयार हो रही थी। उसने शीशे में अपनी पीठ पर एक हल्के रंग का दाग देखा। सितारा बहुत चिंतित हो गई। उसने शादी में न जाने का फैसला किया। सितारा हर दिन अपनी पीठ के दाग को देखती थी, लेकिन भेद–भाव के डर से संकोचवश अस्पताल नहीं गई। समय बीतता गया और उसके शरीर के अन्य हिस्सों में भी वैसे ही कई दाग उभर आए। कुछ महीनों के बाद, उसके हाथों की पकड़ में कुछ कमज़ोरी आने लगी, हथेली सुन्न हो गई, जिसके कारण खाना बनाते समय उसका हाथ जल जाता था पर उसे महसूस नहीं होता था। कुछ समय बाद उसके पैर के तलवों में सुन्नता आ गई। चलते समय उसके तलवे में कांटा चुभने पर भी दर्द नहीं होता था। लेकिन इन सभी समस्याओं के बाद भी, सितारा ने न ही गांव की आशा को बताया और न ही डॉक्टर के पास जांच के लिए स्वास्थ्य केंद्र गई। परिणामस्वरूप, उसके कुष्ठ रोग का इलाज नहीं हो पाया और रोग बढ़ता गया।

# कहानी 2:
# अनुपचारित सितारा की कहानी

पहले

बाद में



# कुष्ठ रोग के बारे में महत्वपूर्ण बातें

**1**

पुरुष/महिला, वृद्ध/युवा, अमीर/गरीब, कोई भी कुष्ठ रोग से पीड़ित हो सकता है।

**2**

कुष्ठ रोग का उपचार एमडीटी दवा से होता है।

**3**

उपचार कुष्ठ रोग को फैलने से रोकता है।

**4**

कुष्ठ रोग का उपचार सरकारी स्वास्थ्य केंद्रों व अस्पतालों में निःशुल्क उपलब्ध है।

**5**

कुष्ठ रोग की शीघ्र पहचान और उसका उपचार विकृतियों से बचाता है।

**6**

पता करें कि आपके परिवार/दोस्तों/रिश्तेदारों और पड़ोसियों में कुष्ठ रोग के लक्षण हैं या नहीं।

**7**

यदि आपको किसी व्यक्ति की त्वचा पर दाग या अन्य कुष्ठ रोग के लक्षण दिखाई देते हैं तो, उन्हें डॉक्टर से जांच करवाने के लिए प्रोत्साहित करें।

**यदि आप में कुष्ठ रोग के कोई संकेत या लक्षण हैं, तो आशा को सूचित करें और जांच करवाने के लिए नज़दीक के स्वास्थ्य केंद्र अथवा सरकारी अस्पताल पर जाएं। कुष्ठ रोग का इलाज संभव है। कुष्ठ रोग का समय पर इलाज विकृतियों से बचाता है।**

# कुष्ठ रोग के बारे में महत्वपूर्ण बातें

**1**
पुरुष/महिला, वृद्ध/युवा, अमीर/गरीब, कोई भी कुष्ठ रोग से पीड़ित हो सकता है।

**2**
कुष्ठ रोग का उपचार एमडीटी दवा से होता है।

**3**
उपचार कुष्ठ रोग को फैलने से रोकता है।

**4**
कुष्ठ रोग का उपचार सरकारी स्वास्थ्य केंद्रों व अस्पतालों में निःशुल्क उपलब्ध है।

**5**
कुष्ठ रोग की शीघ्र पहचान और उसका उपचार विकृतियों से बचाता है।

**6**
पता करें कि आपके परिवार/दोस्तों/रिश्तेदारों और पड़ोसियों में कुष्ठ रोग के लक्षण हैं या नहीं।

**7**
यदि आपको किसी व्यक्ति की त्वचा पर दाग या अन्य कुष्ठ रोग के लक्षण दिखाई देते हैं तो, उन्हें डॉक्टर से जांच करवाने के लिए प्रोत्साहित करें।

**यदि आप में कुष्ठ रोग के कोई संकेत या लक्षण हैं, तो आशा को सूचित करें और जांच करवाने के लिए नज़दीक के स्वास्थ्य केंद्र अथवा सरकारी अस्पताल पर जाएं। कुष्ठ रोग का इलाज संभव है। कुष्ठ रोग का समय पर इलाज विकृतियों से बचाता है।**

यदि आपके शरीर पर हल्के रंग के दाग, त्वचा में गांठे, कान में मोटापन, लैगोफथल्मोस, अल्सर, तंत्रिकाओं में मोटापन और झनझनाहट या मांसपेशियों में कमज़ोरी जैसे कुष्ठ के लक्षण हैं तो आप तुरंत आशा से संपर्क करें और अपने नज़दीकी सरकारी अस्पताल में जाकर जांच कराएं।



**Yohei Sasakawa**

WHO Goodwill Ambassador for Leprosy Elimination

Chairman of The Nippon Foundation.

कुष्ठ रोग इलाज योग्य है और इसका उपचार मुफ्त है। कृपया सुनिश्चित करें कि आपके या आपके परिवार में किसी की त्वचा में हल्के रंग का दाग है या नहीं। यदि दाग है तो तुरंत किसी स्वास्थ्यकर्मी से मिलें। शीघ्र इलाज विकृतियों से बचाता है।

Supported by
笹川保健財団
SASAKAWA Health Foundation
Supported by
日本財団
THE NIPPON FOUNDATION
World Health Organization
India